वार्षिक आकलन – मार्च 2017
कक्षा– 7
विषय – संगीत गायन/वादन

अधिकतम अंक : 80 समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. कोमल स्वर .... होते हैं। 1
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) पाँच
2. थाट के स्वरों का क्रम .... होता है। 1
   (क) आरोही (ख) अवरोही
   (ग) आरोही व अवरोही (घ) नहीं
3. ताल की पहली मात्रा को .... कहते हैं। 1
   (क) ताली (ख) खाली
   (ग) सम (घ) मात्रा
4. कहरवा ताल में कितनी मात्रायें होती हैं? 1
   (क) आठ (ख) छः
   (ग) चार (घ) दस
5. समय की समान गति को .... कहते हैं। 1
   (क) ताल (ख) लय
   (ग) संगीत (घ) स्वर
6. राग हमीर का गायन समय .... होता है। 1
   (क) दिन का प्रथम पहर (ख) रात्रि का प्रथम पहर
   (ग) दिन का दूसरा पहर (घ) रात्रि का दूसरा पहर
7. राग हमीर के अवरोह में कभी–कभी .... विवादी स्वर के रूप में प्रयोग होता है। 1
   (क) कोमल रे (ख) कोमल ग
   (ग) कोमल ध (घ) कोमल नि
8. .... के स्वरों से राग की पहचान होती है। 1
   (क) आरोह (ख) अवरोह
   (ग) पकड़ (घ) अलंकार
9. राग का पूरा परिचय देने वाला गीत .... कहलाता है। 1
   (क) सरगम गीत (ख) लक्षण गीत
   (ग) सुगम गीत (घ) लोकगीत
10. राग की रचना कम से कम कितने स्वरों से हो सकती है? 1
   (क) चार (ख) पाँच
   (ग) छः (घ) सात

11. प्रत्येक राग का आधार स्वर .... स्वर होता है। 1

(क) ग (ख) सा

(ग) म (घ) प

12. ऐसे स्वर जिनका राग में प्रयोग नहीं किया जाता क्या कहलाते हैं? 1

(क) वादी (ख) विवादी

(ग) संवादी (घ) अनुवादी

13. वादी और सवांदी स्वरों में .... स्वरों का अन्तर होता है। 1

(क) 2–3 (ख) 3–4

(ग) 4–5 (घ) 5–6

14. राग हमीर का वादी–संवादी स्वर क्या है? 1

(क) ग–नि (ख) ध–ग

(ग) ग–ध (घ) ध–नि

15. राग हमीर में दोनों .... का प्रयोग होता है। 1

(क) गन्धार (ख) ऋषभ

(ग) मध्यम (घ) धैवत

16. राग की परिभाषा लिखें। 2

17. भजन, गीत, गज़ल आदि गाने के लिए कौन से वाद्यों से ताल दी जा सकती है? 2

18. राग हमीर के छोटे ख्याल की स्थायी की स्वरलिपि लिखें। 2

19. राग हमीर के छोटे ख्याल का अन्तरा की स्वरलिपि लिखें। 2

20. अनुवादी स्वर से आप क्या समझते हैं? 2

21. थाट किसे कहते हैं? दस थाटों के नाम लिखें। 2

22. गीत किसे कहते हैं? इनमें किसकी प्रधानता होती है? 2

23. सवांदी व अनुवादी स्वरों में अन्तर लिखें। 2

24. राग हमीर व राग बिलावल के वादी–सवांदी स्वर लिखें। 2

25. राग यमन का शास्त्रीय परिचय दीजिए। 2

26. राग यमन का आरोह–अवरोह व पकड़ लिखिए। 3

27. सरगम गीत क्या होता है? 3

28. वादी स्वर किसे कहते हैं? राग में इसका महत्त्व लिखें? 3

29. छः मात्राओं वाली ताल का नाम लिखकर वर्णन करें। 3

30. किन्हीं तीन थाटों में अंलकार लिखें। 3

31. राग के नियम लिखो। 3

32. क्या विवादी स्वर राग के लिए सदैव अनुपयोगी होता है? स्पष्ट करें। 3

33. दिए गए थाटों के स्वर लिखेंः– बिलावल, कल्याण, भैरव 3

34. राग हमीर का आरोह–अवरोह व पकड़ लिखें। 3

35. थाट के विभिन्न लक्षण लिखें। 3

36. राग बिलावल के छोटे ख्याल का स्थायी व अन्तरा की स्वरलिपि लिखें। 5

37. झपताल का शास्त्रीय परिचय देते हुए तालिका बनाकर एक गुण व दुगुण लिखें। 5

38. राग हमीर का शास्त्रीय परिचय दीजिए। 5